प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.11.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने रांची में मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस शिष्टाचार भेंट में राज्य की विकास योजनाओं और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की गई। इस बैठक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक प्रदीप यादव सहित अन्य नेता भी उपस्थित रहे।

****

झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडे ने चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे अव्यावहारिक बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कवायद के पीछे भाजपा विरोधी मतदाताओं के नाम हटाने की मंशा है।

****

भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पलटवार करते हुए कहा है कि मतदाता सूची की अठासी प्रतिशत समस्याओं का समाधान हो चुका है और अंतिम मसौदा तीस तारीख को आएगा। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की सत्ताधारी दल राजनीतिक लाभ के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाना चाहती है।

****

एचआईवी और यौन संचारित संक्रमणों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए धनबाद में आज एक विशेष रैली निकाली गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में एचआईवी की मुफ्त जांच और एआरटी केंद्र के जरिए मुफ्त दवाइयां उपलब्ध हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि संक्रमित मरीजों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।

****

बोकारो जिले के बेरमो के कथारा कोलियरी स्टॉकयार्ड में आज सुबह कोयले का ढेर धंसने से तीन महिलाओं की मौत की खबर है, जबकि चार अन्य घायल हैं। स्थानीय ग्रामीण जलावन के लिए कोयला निकाल रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। बेरमो एसडीपीओ रवींद्र सिंह ने बताया कि पुलिस और सीसीएल प्रबंधन राहत कार्य में जुटे हैं।

****

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव बारामुड़ी खटाल को हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में धनबाद पहुंचे। खटालवासियों की स्थिति देखकर भावुक हुए सांसद ने जिला प्रशासन और भू–माफिया के गठजोड़ पर तीखा हमला बोला। उन्होंने ऐलान किया कि वह गरीबों के आशियाने को किसी भी कीमत पर उजड़ने नहीं देंगे।

****

पलामू में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो यानी एसीबी की टीम ने होमगार्ड कार्यालय के एक मुंशी को दस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी मुंशी सकेंद्र कुजूर ने शिकायतकर्ता से ड्यूटी की कमान देने के एवज में इस राशि की मांग की थी। शिकायत के बाद एसीबी ने जाल बिछाकर यह कार्रवाई की।

****

जामताड़ा जिले के नारायणपुर और कर्माटांड़ थाना क्षेत्रों से पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि इनके पास से आठ लाख 13 हजार रुपये नगद, आठ मोबाइल और आठ फर्जी सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

****

अयोध्या के भव्य दीपोत्सव में झारखंड की विश्वविख्यात सरायकेला छऊ नृत्य परंपरा की चमक बिखरेगी। संगम परफॉर्मेंस आर्ट्स फाउंडेशन के कलाकार पारंपरिक मुद्राओं और जीवंत नृत्याभिनय के जरिए प्रभु श्रीराम के आगमन और रामकथा को प्रस्तुत करेंगे। गुरु गणेश कुमार परिछा और रजतेंदु रथ के निर्देशन में यह विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

****

राज्य में 9 से 11 नवंबर तक आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग के अनुसार 9 नवंबर को सुबह कोहरे के बाद उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी भागों में वर्षा या मेघगर्जन की संभावना है। वहीं, 10 और 11 नवंबर को भी राज्य के पूर्वी और सीमावर्ती इलाकों में कहीं–कहीं बारिश हो सकती है।

********समाप्त**********